BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 10 सितम्बर, 2023 **थाना खुर्जा नगर**

हाजी बाबू की हत्या का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त मृतक का नौकर अपने साथी सहित गिरफ्तार, निशादेही पर आलाकत्ल, मृतक की स्कूटी व मोबाइल आदि बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.09.2023 की रात्रि में शमशाद पुत्र हाजी बाबू निवासी मौ0 कोट कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर ने थाना खुर्जा नगर पर सूचना दी की उसके पिता हाजी बाबू दिनांक 08.09.2023 दोपहर के समय अपनी आढत की दुकान से स्कूटी पर निकले थे जिनको काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला है। इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर हाजी बाबू उपरोक्त की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उनकी तलाश प्रारम्भ की गयी।

उक्त घटना के क्रम में विवेचनात्मक कार्यवाही/छानबीन/तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये दो अभियुक्तों रविन्द्र उर्फ गोलू पुत्र बांके लाल निवासी ग्राम किला मेवई थाना खुर्जा नगर बुलन्दशहर व उसके साथी रामतौर पुत्र विनय सिंह निवासी ग्राम उस्मापुर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर को कैलाश कट तिराहे खुर्जा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर हाजी बाबू का शव उस्मापुर के गंदे नाले में एक बोरे से आलाकत्ल चुनरी सहित बरामद किया गया तथा मृतक की स्कूटी जंक्शन रोड़ पर मैना मौजपुर के गेट के पास से बरामद किया एवं मृतक का मोबाइल कालिन्दी कुंज गोलचक्कर के पास एक पार्क की झाड़ियों से बरामद किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं 765/23 धारा 364/302/201 भादवि पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- रविन्द्र उर्फ गोलू पुत्र बांके लाल निवासी ग्राम किला मेवई थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- रामौतार पुत्र विनय सिंह निवासी ग्राम उस्मापुर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 01 चुनरी (आलाकत्ल)
2. 01 मेस्ट्रो स्कूटी नं0 UP-13AH-2031 (मृतक का)
3. 01 मोबाइल Real Me (मृतक का)
4. 01 ई-रिक्शा (घटना में प्रयुक्त)
5. 01 सीटी 100 बजाज मोटरसाइकिल नं0 UP-13AZ-3641 (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि मृतक हाजी बाबू की आढत की दुकान में एक लॉकर में काफी पैसे रखे रहते है। रविन्द्र उर्फ गोलू जो हाजी बाबू की आढत की दुकान में नौकर का काम करता था ने अपने साथी रामतौरा के साथ लॉकर में रखे पैसों को चोरी करने की योजना बनाई। योजनानुसार दिनांक 08.09.2023 को रविन्द्र उर्फ गोलू ने हाजी बाबू को बहाने से अपने घर बुला लिया तथा कॉल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया तथा दोनो ने मिलकर चुनरी से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनो ने हाजी बाबू की तलाशी ली लेकिन आढत की दुकान की चाबियॉ नहीं मिली। दोनो अभियुक्तों ने शव को छिपाने के लिए एक बोरे में रख दिया तथा अपने एक अन्य साथी की ई-रिक्शा मांग कर दोनो ने शव को उसमें रखकर उस्मापुर के गंदे नाले में फेक दिया तथा मृतक की स्कूटी को जंक्शन रोड़ पर मैना मौजपुर के गेट के पास खड़ा करके उसकी चॉबी जंगल में फैक दी व मृतक का मोबाइल फोन कांलिन्दी कुंज गोलचक्कर के पास एक पार्क की झाड़ियों में डाल दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री सुनील कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. निरीक्षक श्री सरजेश कुमार, निरीक्षक श्री इमाम जैदी, उ0नि0 जितेन्द्र सिंह, उ0नि0 सतीश कुमार
3. है0का0 कुणाल पांचाल, है0का0 अनीस कुमार

स्वाट टीम -

1. मौ0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम
2. उ0नि0 राहुल चौधरी प्रभारी सर्विलांस टीम
3. है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 अशोक यादव, है0का0 कपिल नैन, है0का0 नीरज त्यागी, है0का0 जितेश कुमार, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 प्रबली तोमर, है0का0 वसीम, है0का0 प्रदीप त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 विशाल चौहान, है0का0 मौ0 आरिफ

स्वाट टीम देहात-

1. श्री लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात मय टीम
2. है0का0 महेश कुमार, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 निकुंज कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 रोहित कुमार



मीडिया सैल बुलन्दशहर